छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन

प्रदेश के समस्त शिक्षकों का सशक्त संगठन

(पंजी क्र. 122201972763)

पता- बंगाली पारा, गली नं.-04, नया सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)

Email ID : sanjay9424174447@gmail.com

संजय शर्मा
प्रदेश अध्यक्ष
94241-74447, 88277-72888
फैक्स (07752)414646

क्र. : 97 **दिनांक : 27.05.2026**

प्रति,

1. माननीय मुख्यमंत्री महोदय
   छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर

2. श्रीमान सचिव महोदय
   सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर

विषय- शिक्षकों एवं कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति 2026 जारी करने बाबत।

महोदय,

निवेदन है कि छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षकों एवं शासकीय कर्मचारी के स्थानांतरण हेतु समय-समय पर स्थानांतरण नीति जारी की जाती रही है, वर्तमान में स्थानांतरण नीति 2026 जारी नही होने से हजारों कर्मचारी एवं शिक्षक अपनी पदस्थापना/स्थानांतरण को लेकर अनिश्चितता की स्थिति में हैं।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि-

1. शैक्षणिक सत्र 2026-27 एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षकों एवं कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति 2026 शीघ्र जारी की जाए।
2. नीति में पारदर्शिता, वरिष्ठता, पारिवारिक स्थिति, दिव्यांगता, महिला कर्मचारी, चिकित्सकीय आधार एवं दुर्गम क्षेत्र में सेवा अवधि जैसे बिंदुओं को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाए।
3. ऑनलाइन आवेदन एवं निष्पक्ष काउंसलिंग के माध्यम से स्थानांतरण प्रक्रिया पूर्ण की जाए, जिससे अनावश्यक देरी एवं भ्रष्टाचार पर रोक लग सके।
4. स्थानांतरण नीति जारी कर प्रक्रिया पूर्ण करने कलेंडर जारी की जाए ताकि शिक्षक/कर्मचारी समय रहते आवेदन प्रस्तुत कर सकें।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस विषय पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर स्थानांतरण नीति 2026 को शीघ्र अनुमोदित कर सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से जारी करने की कृपा करेंगे, इससे शिक्षकों एवं कर्मचारियों को राहत मिलेगी और शासकीय कार्यों में भी गति आएगी।

संजय शर्मा
प्रदेश अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन
मो. 9424174447